**കണ്ണൂർ ജില്ലാ പഞ്ചായത്ത്**

**ഡയറ്റ് കണ്ണൂർ - സമഗ്ര ശിക്ഷാ കേരളം കണ്ണൂർ**

**സമഗ്ര വിദ്യാഭ്യാസ പദ്ധതി**

**SET-A**

**SMILE 2023 SSLC EXAMINATION FEBRUARY -2023**

**Third Language**

**STD-X** **HINDI**

**Time :90 Minuts**

**MaximumScore : 40**

---

सामान्य निर्देश :-

पहला पंद्रह मिनट कूल ऑफ़ टाइम है। इस समय प्रश्नों का वाचन करें और उत्तर लिखने की तैयारी करें। वैकल्पिक प्रश्नों में से किसी एक का ही उत्तर लिखें।

---

सूचना-:**'बच्चे काम पर जा रहे हैं'** कविता की पंक्तियां पढें और 1 से 3 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह-सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की तरह

1. इन पंक्तियों में किस हालत का चित्रण हैं ? 1
   (क) महामारी का (ख) बालश्रम का
   (ग) जातिप्रथा का (घ) संपन्नता
2. हमारे समय की भयानक पंक्ति क्या है? भयानक होने का कारण क्या हैं ? 2
3. बालश्रम को रोकना हमारा दायित्व है। बालश्रम को रोकने का संदेश देते हुए एक **पोस्टर** तैयार करें।

अथवा

कवि और कविता का परिचय देते हुए **कवितांश का आशय** लिखें । 4

सूचना-: **'आई एम कलाम के बहाने'** फिल्मी लेख का यह अंश पढें और 4 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

हमारा सौदा था खेल घंटी में खाने की अदला-बदली का ।यानी मेरे टिफिन के राजमा चावल उसके और उसके घर से आया बडा सा छाछ का डिब्बा मेरा ।

4 सही विकल्प चुनकर लिखें। 1

क) वह+के= उसके ख) वह+का= उसके

ग) वह+की= उसके घ) वह+को= उसके

5. 'अदला-बदली' का मतलब क्या है ? 1

क) अभिनय ख) बहस

ग) प्रशंसा घ) विनिमय

6 इस प्रसंग के आधार पर मिहिर और मोरपाल के बीच का संभावित **वार्तालाप** कल्पना करके लिखें। 4

अथवा

इस प्रसंग के आधार पर मोरपाल की **डायरी** लिखें।

सूचना-:'**गुठली तो पराई है**'-कहानी का यह अंश पढें और 7 से 9 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| गुठली बोली, "अपना घर ? यही तो है मेरा घर, जहाँ मैं पैदा हुई।" बुआ हँसके बोली, "अरी "बेवकूफ़ यह घर तो पराया है। बाकी लड़कियों की तरह तू भी किसी और की अमानत है। ससुराल ही तेरा असली घर होगा। |

7 सही वाक्य कौन-सा है ? 1

(क) गुठली बुआ से बोलूँगी । (ख) गुठली बुआ से बोलेगी ।

(ग) गुठली बुआ से बोलोगी। (घः) गुठली बुआ से बोलेंगी ।

8 आज भी समाज में लडका-लडकी भेदभाव कायम हैं। इस पर अपना विचार प्रकट करें। 2

9 कहानी के इस प्रसंग के आधार पर **पटकथा** का एक दृश्य लिखें । 4

सूचना- **दिशाहीन दिशा** यात्रावृत्त का यह अंश पढ़े और 10 से 13 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

| |
|---|
| मैं गा तो नहीं सकता, हुज़ूर" -बूढ़ा मल्लाह हाथ जोड़कर बोला। "मगर आप चाहें तो चंद गज़लें तरन्नुम के साथ अर्ज कर सकता हूँ, और माशा अल्लाह चुस्त गज़लें हैं। " |

10. मैं गा तो नहीं सकता -यह किसने कहा ? 1

11 बूढ़े मल्लाह का नाम क्या है? 1

12. वाक्य पिरमिड की पूर्ती करें । 2

(धीरे, मल्लाह)



13. बूढ़े मल्लाह से गज़लें सुनकर अविनाश बहुत खुश हो गया। भोपाल ताल की सैर के अनुभवों का ज़िक्र करते हुए मित्र के नाम मोहन राकेश का **पत्र** लिखता है। वह पत्र कल्पना करके लिखें । 4

अथवा

सही मिलान करें ।

| | |
|---|---|
| मैं नहीं गा सकता। | सिर्फ़ एक बनियन पहना था। |
| चंद गज़लें | भोपाल ताल के पास पहूँचे। |
| बूढ़ा मल्लाह | अर्ज कर सकता हूँ। |
| अविनाश और मोहन राकेश | बूढ़ा मल्लाह हाथ जोड़कर बोला। |

सूचना : **"बीरबहूटी"** कहानी का यह अंश पढ़ें और 14से 16 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

एक दिन सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया । पर शायद जिस गलती को पाकर वे उसके बाल पकड़कर फेंकनेवाले थे, वह गलती थी ही नहीं। उन्होंने बेला को छोड़ दिया। बेला के भयभीत चेहरे को देखकर साहिल बुरी तरह डर गया था।

14. बेला के गणित के माटसाब का नाम क्या है ? 1

15 सुरेंदर जी माटसाब ने बेला के बालों में पंजा फँसाया । क्या आप इससे सहमत है? अपना विचार प्रकट करें। 2

16 बेला और साहिल के बीच की दोस्ती पर एक टिप्पणी लिखें। 4

सुचना :**सबसे बडा शो मैन** जीवनी का यह अंश पढें और 17 से 18 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।

धुएँ के उड़ते हुए छल्लों के बीच चार्ली ने मशहूर गीत जैक जोन्स गाना शुरू किया। कुछ देर तक आर्केस्ट्रा वाले उसकी आवाज़ में उस गाने की धुन तलाशते रहे और वह जैसे ही मिली, गाना सजने लगा।

17 'मशहूर गीत' में विशेषण शब्द कौन सा है 1

18. जीवनी के आधार पर चार सही प्रस्ताव चुनकर लिखें। 4

- गाते समय चार्ली की आवाज़ फट गयी।
- चार्ली ने जनता में गुदगुदी फैला दी ।
- चार्ली को स्टेज से हट जाना पडा।
- चार्ली का शो देखकर दर्शकों ने तालियाँ बजाईं।
- मैनेजर एक रूमाल लेकर पैसा बटोरने लगा।
- माँ और मैनेजर के बीच बहस हुआ।

****************************